# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 15.01.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. आज सेना दिवस है।
2. गणतंत्र दिवस समारोह के रिहर्सल के लिए आज से यातायात व्यवस्था की गई है।
3. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को मौसम की हर स्थिति से निपटने में सक्षम और क्लाइमेट स्मार्ट राष्ट्र बनाने के लिए मिशन मौसम का शुभारंभ किया।
4. दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस पर सेल्यूलर जेल परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।
5. प्रदर्शनी मैदान में आज से तीन दिवसीय पी एम विश्वकर्मा प्रदर्शनी–सह–व्यापार मेला' आयोजित किया जा रहा है।

<><><><><><><>

आज सेना दिवस है। इस अवसर पर उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने बहादुर सैनिकों, दिग्गजों, वीर नारियों, नागरिक कर्मचारियों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि भारतीय सेना अद्वितीय शक्ति और समर्पण का प्रतीक है, जो हमारे देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए दृढ़ है। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने सीमाओं की सुरक्षा के लिए संकट के दौरान नागरिक अधिकारियों की सहायता करके और भारत के सामरिक हितों को आगे बढ़ाकर लगातार अपना संकल्प साबित किया है। उपराज्यपाल ने कहा कि सेना दिवस हमारे सैनिकों की अदम्य भावना और निःस्वार्थ बलिदान का सम्मान करने का एक अवसर है। चुनौतियों का सामना करने के बावजूद कर्तव्य के प्रति उनकी अटूट निष्ठा, मातृभूमि की सेवा के सर्वोच्च आदर्शों का उदाहरण है। इस अवसर पर भारतीय सेना के प्रत्येक सदस्य को बधाई देते हुए उपराज्यपाल ने साहसी शहीदों की स्मृति को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनका सर्वोच्च बलिदान निरंतर प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सेना की दृढ़ भावना और राष्ट्र निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व की बात है।

<><><><><><><>

गणतंत्र दिवस समारोह के रिहर्सल के लिए यातायात व्यवस्था की गई है। आज से शुरू होने वाले रिहर्सल को देखते हुए आर. के. मिशन से धर्मशाला जंक्शन और स्काउट हट जंक्शन से गर्ल्स स्कूल क्रॉसिंग तक सुबह सात बजे से वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। साउथ प्वाइंट से अबरडीन बाज़ार की ओर जाने वाले वाहनों को अब गर्वमेंट प्रेस, आर. के. मिशन, आर. जी. टी. रोड और मुरगन मंदिर होते हुए जाना होगा। परेड टुकड़ियों को ले जाने वाले वाहनों को टुकड़ियों को गर्ल्स स्कूल के सामने उतारने के बाद तरणताल के किनारे पार्किंग क्षेत्र में पार्क करने को कहा गया है। रिहर्सल की समाप्ति के बाद वाहन टुकड़ियों को लेकर नेताजी स्टेडियम, स्काउट हट जंक्शन, गर्ल्स स्कूल मार्ग से होते हुए अपने–अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान करेंगे। यह व्यवस्था रिहर्सल की समाप्ति तक लागू रहेगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को मौसम की हर स्थिति से निपटने में सक्षम और क्लाइमेट स्मार्ट राष्ट्र बनाने के लिए मिशन मौसम का कल शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारतीय मौसम विभाग के एक सौ पचासवें

स्थापना दिवस पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मिशन मौसम एक स्थायी और भविष्य के लिए तैयार राष्ट्र के निर्माण की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने विभाग की डेढ़ सौ वर्ष की यात्रा की प्रशंसा करते हुए इसे देश में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी का एक गौरवशाली अध्याय बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'सभी के लिए पूर्व चेतावनी' पहल देश की नब्बे प्रतिशत से अधिक आबादी को सूचना देती है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगले दस दिनों की मौसम संबंधी जानकारी किसी भी समय प्राप्त कर सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वास्तविक समय की मौसम संबंधी नवीन जानकारी से कृषि तथा समुद्री अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की मौसम संबंधी प्रगति ने देश की आपदा प्रबंधन क्षमता को सुदृढ़ किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मौसम विभाग के डेढ़ सौ वर्ष पूरे होने पर एक स्मारक सिक्का भी जारी किया। उन्होंने आई एम डी विज़न–दो हजार सैंतालीस दस्तावेज़ भी जारी किया। इसमें मौसम पूर्वानुमान, मौसम प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने की योजनाएँ शामिल हैं। मिशन मौसम का उद्देश्य अत्याधुनिक मौसम निगरानी तकनीक और प्रणाली विकसित करना है। इस पहल में उच्च–रिज़ॉल्यूशन वायुमंडलीय अवलोकन शामिल है। इसमें अत्याधुनिक रडार और उपग्रह तथा उच्च–प्रदर्शन कंप्यूटर की व्यवस्था है।

<><><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस पर कल सेल्यूलर जेल परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सशस्त्र बलों के भूतपूर्व सैनिकों के वीरतापूर्ण प्रयासों और बलिदानों के प्रति एक श्रद्धांजलि थी। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनका साहस और राष्ट्र के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस हर वर्ष चौदह जनवरी को मनाया जाता है। यह दिन स्वतंत्रता के बाद भारतीय सेना के पहले कमांडर–इन–चीफ फील्ड मार्शल के. एम. करियप्पा की सेवानिवृत्ति की वर्षगांठ की याद में मनाया जाता है। यह उन सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है, जिन्होंने बाहरी आक्रमण और आंतरिक खतरों के खिलाफ देश की रक्षा की है। कार्यक्रम में सुरक्षित और प्रगतिशील राष्ट्र को आकार देने में सशस्त्र बलों के भूतपूर्व सैनिकों के अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला गया।

इस बीच, द्वीपों के पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस पर सैनिकों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह दिन सैनिकों और उनके परिवारों द्वारा दिए गए बलिदानों को याद करने का दिन है।

<><><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन के ज़िला बाल संरक्षण इकाई की ओर से हाल ही में विभिन्न बाल देखभाल संस्थानों के बच्चों के लिए आटम पहाड़ के बालिका निकेतन और डेरीफार्म के सेवा निकेतन में परीक्षा पे चर्चा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम इस वर्ष बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने वाले दसवीं और बारहवीं के बच्चों के लिए आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में परीक्षा के तनाव को कम करना और प्रभावी तैयारी के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था। इस अवसर पर आर जी टी विद्यालय की प्रधानाचार्या रीता बैनर्जी और शिक्षा विभाग के राजा राम स्रोत अधिकारी के रूप में उपस्थित थे। सत्र के दौरान श्रीमती बैनर्जी ने परीक्षा की तैयारी के प्रभावी तरीके के बारे में जानकारी दी। श्री राजा राम ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में करियर के अवसर चुनने के लिए विभिन्न विकल्प सुझाए। कार्यक्रम में बाल कल्याण

समिति के अध्यक्ष सुजीत तंगाचन और समिति के सदस्य पी राम चन्द्र ने भी बच्चों को संबोधित किया। कार्यक्रम में विभिन्न बाल देखभाल संस्थानों के पचास से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय अण्डमान निकोबार द्वीप प्रशासन के समन्वय से प्रदर्शनी मैदान में आज से तीन दिवसीय पी एम विश्वकर्मा प्रदर्शनी–सह–व्यापार मेला' आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य पी एम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत आने वाले अट्ठारह ट्रेडों के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को पहचान और विपणन सहायता प्रदान करना है। मेले के दौरान वित्तीय सहायता योजनाएं, विपणन सहायता योजनाएं मौजूदा उद्यमियों के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन योजनाएं एम एस एम ई स्टार्टअप, ई–कॉमर्स प्लैटफार्म, बारकोर्ट पंजीकरण, जैम पोर्टल जैसे विभिन्न विषयों पर तकनीकी सत्र का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन आज शाम तीन बजे किया जाएगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित परीक्षा केन्द्रों पर कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तरीय टीयर–टू परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षाएं अट्ठारह से बीस जनवरी तक चलेगी। भर्ती एवं परीक्षा उप–सचिव की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के ई–प्रवेश पत्र निर्धारित परीक्षा तिथि से तीन–चार दिन पहले आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जाएगी।

<><><><><><><>

श्री श्री हरिनाम सेवा संघ की ओर से नेताजी नगर राधा गोविन्द मन्दिर में कल से तीस जनवरी तक मन्दिर परिसर में वार्षिक भगवत कथा और महानाम संकीर्तन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। सभी भक्तों के लिए भोग की भी व्यवस्था की गई है।

<><><><><><><>